Strive for Perfection

# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

# SAMPLE PAPER

**PERIODIC TEST – I SESSION 2025 - 26**

**CLASS – X**

**TIME : 1 hr. : 30 min.** **SUBJECT – HINDI** **M.M = 40**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**
- **इस प्रश्नपत्र में 4 खंड हैं ।**
- **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।**

## खंड 'क'

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

डॉ. कलाम को 'मिसाइल मैन' कहा जाता है। जब ये छठी कक्षा में पढ़ते थे, तभी समाचार-पत्र में दूसरे महायुद्ध के सुप्रसिद्ध बमवर्षक विमान 'स्पटफायर' (मंत्रवाण) के विषय में पढ़कर इन्होंने वैमानिकी के क्षेत्र में कुछ कर गुजरने का निश्चय कर लिया था। यही नहीं, वैमानिकी की हर बारीकी इन्होंने अपने छात्र जीवन में ही भली प्रकार जान ली थी। डॉ. कलाम के शब्दों में- "विज्ञान वैदिक साहित्य की तरह है, सरस और संवेदनशील"। 1958 में ये रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन से जुड़ गए और 1980 तक के लंबे सेवाकाल में इन्होंने देश को अंतरिक्ष अनुसंधान की बुलंदी तक पहुँचाया। इस श्रृंखला में 1967 में रोहिणी-75 रॉकेट छोड़ा, भारत का पहला उपग्रह प्रक्षेपणयान एस. एल. बी.-3 का श्री हरिकोटा से प्रक्षेपण किया गया। इतना ही नहीं, 1982 में डी. आर. डी. ओ. निदेशक के रूप में इन्होंने मिसाइल परियोजना के तहत पाँच प्रमुख मिसाइल कार्यक्रमों पर अनुसंधान किए। 1983 में आई.जी.एच.डी.पी. का प्रक्षेपण किया व 1984 में प्रथम स्वदेशी जड़त्व निर्देशित प्रणाली के लिए मिसाइल का परीक्षण किया। सन् 1985 में 'रिसर्च सेंटर' की आधारशिला रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपका मूल मंत्र है- "विजन, मिशन और गोल।"

(i) डॉ. कलाम को बमवर्षक विमान की जानकारी कहाँ से मिली? **(1)**

क) मित्रों से   ख) समाचार-पत्रों से   ग) पुस्तकों से   घ) अध्यापकों से

(ii) डॉ. कलाम ने विज्ञान को किसके समान सरस और संवेदनशील बताया? **(1)**

क) संस्कृत साहित्य के   ख) वैदिक साहित्य के समान   ग) पुराणों के   घ) भक्तिकालीन साहित्य के

(iii) भारत के प्रथम उपग्रह प्रेक्षणयान का नाम है – **(1)**

क) आई.जी.एच.डी.पी.   ख) विमान 'स्पटफायर'   ग) एस.एल.बी.-3   घ) रोहिणी-75

(iv) डॉ. कलाम ने कौन-सा मूल मंत्र दिया ? **(2)**

## खंड 'ख'

**2. रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए :** **(3×1=3)**

क. <u>दो ताकतवर आदमी</u> इस भारी मेज़ को उठा पाए।

ख. <u>बरगद और पीपल की घनी छाँव</u> से हमें बहुत सुख मिला।

ग. अपने <u>दोस्त के साथ</u> वह चला गया।

**3. निम्नलिखित मुहावरों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** **(3×1=3)**

(क) कहने को तीन भाई थे लेकिन हरिहर काका की किसी ने भी ___________ ।

(ख) लेखक बड़े भाई की एक-एक तरकीब के सामने ___________ हो जाता था।

(ग) ईश्वर को पाने के लिए हमेशा ____________ पड़ता है।

## खंड 'ग'

**4. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए –** **(5×1=5)**

हरि आप हरो जन री भीर ।
द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर ।
भगत कारण रूप नरहरि, धर्यो आप सरीर ।
बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर ।
दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर ॥

i. पद्यांश में किस रस की प्रधानता है –

(क) करुण रस   (ख) वीर रस   (ग) भक्ति रस   (घ) श्रृंगार रस

ii. द्रोपदी की इज्जत प्रभु ने बचाई थी –

(क) कपड़े को बड़ा कर   (ख) दु:शासन को मार कर   (ग) चीर को समाप्त कर   (घ) द्रोपदी को दर्शन दे कर

iii. नरहरि का रूप धारण किया था –

(क) द्रोपदी को बचाने के लिए   (ख) ऐरावत को बचाने के लिए
(ग) प्रह्लाद को बचाने के लिए   (घ) मीरा का उद्धार करने के लिए

iv. काटी कुञ्जर' में कौन सा अलंकार है ?

(क) उपमा अलंकार   (ख) यमक अलंकार   (ग) पुनरुक्ति अलंकार   (घ) अनुप्रास अलंकार

v. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर पद्यांश से मेल खाते वाक्यों को चुनिए ?
(क) प्रभु ने द्रोपदी की इज्जत को बचाया और साड़ी के कपडे को बढ़ाते चले गए
(ख) अपने भक्त प्रह्लाद को बचाने के लिए नरसिंह का शरीर धारण कर लिया
(ग) हाथियों के राजा भगवान इंद्र के वाहन ऐरावत हाथी को मगरमच्छ के चंगुल से बचाया
घ) उपरोक्त सभी

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें –** **(2×2=4)**

क. ईश्वर वियोगी की हालत कैसी हो जाती है ? कबीर के दोहे के आधार पर बताइए।
ख. मीराबाई किस रंग की साड़ी पहने चाहती हैं और क्यों ?

**6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दें –** **(5×1=5)**

मगर टाइम-टेबिल बना लेना एक बात है, उस पर अमल करना दूसरी बात। पहले ही दिन उसकी अवहेलना शुरू हो जाती। मैदान की वह सुखद हरियाली, हवा के हल्के-हल्के झोंके, फुटबॉल की वह उछल-कूद, कबड्डी के वह दाँव-घात, वॉलीबॉल की वह तेजी और फुरती, मुझे अज्ञात और अनिवार्य रूप से खींच ले जाती और वहाँ जाते ही मैं सब कुछ भूल जाता। वह जानलेवा टाइम-टेबिल, वह आँखफोड़ पुस्तकें, किसी की याद न रहती और भाई साहब को नसीहत और फजीहत का अवसर मिल जाता। मैं उनके साए से भागता, उनकी आँखों से दूर रहने की चेष्टा करता, कमरे में इस तरह दबे पाँव आता कि उन्हें खबर न हो। उनकी नजर मेरी अ ओर उठी और मेरे प्राण निकले। हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार-सी लटकती मालूम होती। फिर भी जैसे मौत और विपत्ति के बीच भी आदमी मोह और माया के बंधन में जकड़ा रहता है, मैं फटकार और घुड़कियाँ खाकर भी खेल-कूद का तिरस्कार न कर सकता था।

(i) गद्यांश में किसकी अवहेलना की जाने की बात कही गई है ?
क) शिक्षा प्रणाली की ख) अध्यापक की ग) टाइम-टेबिल की घ) बड़े भाई साहब की

(ii) छोटे भाई द्वारा टाइम-टेबिल पर अमल क्यों नहीं किया जाता था ?
क) पढ़ाई के प्रति अत्यधिक रुचि होने के कारण ख) मस्ती और खेलों में अधिक रुचि होने के कारण
ग) बड़े भाई की डाँट का भय समाप्त होने के कारण घ) स्वयं को मुक्त करने के कारण

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।
**कथन (A): मैदान की हरियाली, हवा के झोंके, फुटबॉल और कबड्डी के खेल आदि छोटे भाई को आकर्षित नहीं कर पाते थे। कारण (R): छोटा भाई खेल-कूद का तिरस्कार कर दिया करता था।**
क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
ख) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
ग) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

iv) बड़े भाई साहब को नसीहत देने का अवसर किस समय मिल जाता था?
क) जब लेखक खेलकर आता था। ख) जब लेखक खेलकर आता था और जब लेखक पढ़ाई नहीं करता था
ग) जब लेखक भाई साहब का कहना मानता था। घ) जब लेखक पढ़ाई नहीं करता था

(v) मौत और विपत्ति के बीच से क्या आशय है?
क) ऐसी स्थिति जिसमें बचने का कोई आसार नज़र न आता हो। ख) भयानक स्थिति
ग) ऐसी स्थिति जिसमें व्यक्ति दृढ़ निश्चयी बना रहे। घ) ऐसी स्थिति जिसमें आत्मग्लानि का अनुभव हो

**7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें –** **(2×2=4)**

क. लेखक टाइम टेबल पर अमल क्यों नहीं कर पाता था ?
ख. बड़े भाई साहब पाठ में शिक्षा पद्धति की कौन सी कमी के बारे में जानकारी मिलती है ?

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें –** **(2×2=4)**

क. लेखक ने कैसे जाना की हरिहर काका उसे बचपन में कितना प्यार करते थे ?
ख. हरिहर काका को पुलिस सुरक्षा क्यों प्रदान की गई ?

## खंड घ

**9.** पुस्तक विक्रेता के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। **(3)**

**10.** आपके विद्यालय में दाँतों के डॉक्टरों द्वारा कैंप लगाया गया है। आप न्यू इरा विद्यालय के सचिव हैं। सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए 25–30 शब्दों में सूचना लिखिए। **(4)**